>

Title: Need to provide adequate compensation and employment to people whose land has been acquired for the construction of N.H. 754K in Rajasthan-laid.

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): भारत माला परियोजना के तहत अमृतसर से कांडला राष्ट्रीय राजमार्ग 754 के हेतु भू अवाप्ति हेतु उचित मुआवजा व राजस्थान के जोधपुर जिले की बालेसर पंचायत समिति सहित समस्त अंचलो से जहाँ से यह राजमार्ग गुजरेगा वहां की मांगों की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए यह मांग है कि भारत सरकार राजस्थान में भी अधिगृहित की जाने वाली भूमि की वर्तमान दरों की पुनः समीक्षा करते हुए डीएलसी रेट से पांच गुना अथवा पंजाब या हरियाणा राज्य की तर्ज पर मुआवजा जारी किया जाए साथ ही जोधपुर-पोकरण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 125 से 500 मीटर तक अवाप्त करने वाले खसरो को भी राष्ट्रीय राजमार्ग से सटी भूमि के भाव गुणांक में मुआवजा जारी किया जाये साथ ही इस परियोजना में जमीन अवाप्ति से मकान, दुकान स्थाई और अस्थाई निर्माण टूट रहा है उसका वहां के किसानों की मांग के अनुसार मुआवजा दिया जाए क्योंकि इस वजह से कई लोग तो भूमिहीन हो जायेंगे साथ ही मैं मांग करूंगा कि . जमीन अवाप्ति से प्रभावित लोगों को इस परियोजना में स्थाई रोजगार मुहैया करवाने की नीति को भी अमलीजामा पहनाया जाए ।